POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 11.06.2026

1.थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण, ₹5000/- नकद, हैंडल, टोंटियां व अवैध शस्त्र बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 11.06.2026 को थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घरों में घुसकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्त 1. सौरभ पुत्र भजन लाल 2. अजय पुत्र किशन सिंह को थाना क्षेत्रांतर्गत सिटी पार्क के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 02 चैन (पीली धातु), 01 हार, कान के बूंदे, 01 मोती माला, 05 पीतल की टोंटियां, 02 दरवाजों के हैंडल, ₹5000/- नकद व 02 अवैध चाकू बरामद किए गए हैं।

घटनाक्रम का संक्षिप्त विवरण-- गिरफ्तार अभियुक्त शातिर प्रवृत्ति के अपराधी हैं, जो अपने साथियों के साथ मिलकर बंद पड़े मकानों की रेकी कर उनमें चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं तथा चोरी किए गए सामान को बेचकर अवैध लाभ अर्जित करते हैं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ एवं अजय द्वारा बताया गया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 28.05.2026 की रात्रि में अल्फा-1 में स्थित एक बंद मकान की पूर्व रेकी करने के बाद लाखों रुपये मूल्य के आभूषण एवं लगभग 35,000 रुपये नकद चोरी कर लिए थे। चोरी की गई नकदी को अभियुक्तों द्वारा आपस में बांट लिया गया था तथा चोरी किए गए आभूषणों को सिटी पार्क क्षेत्र में छिपाकर रखा गया था। बरामदगी के समय अभियुक्त उक्त चोरीशुदा सामान को बेचने के लिए ले जा रहे थे। अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. सौरभ पुत्र भजन लाल निवासी ग्राम नीरपुर नंगला, थाना हरदुआगंज, अलीगढ़ वर्तमान पता ग्राम नवादा, थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
2. अजय पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम रामनगर, थाना बकेवर, इटावा वर्तमान पता ग्राम नवादा, थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0-190/2026 धारा 305(a)/317(2) बीएनएस, थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0-206/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट, थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0-929/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना खैर, अलीगढ़।

4. मु0अ0सं0-223/2025 धारा 317(5)/345(3) बीएनएस व 9/25 आर्म्स एक्ट, थाना नॉलेज पार्क, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. चोरी के 02 चैन (पीली धातु), 01 हार, कान के बूंदे, 01 मोती माला
2. ₹5000 नकद
3. 05 पीतल की टोंटियां, 02 दरवाजों के हैंडल
4. 02 अवैध चाकू